प्रेस नोट 01- दिनांक 14.10.2024

थाना बेहटा मुजावर, जनपद उन्नाव।

आत्महत्या के दुष्प्रेरण में वांछित अभियुक्त व अभियुक्ता गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बेहटा मुजावर पुलिस द्वारा आत्महत्या के दुष्प्रेरण के दो वांछित अभियुक्त व अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 11.10.2023 को वादी श्री गुरुदयाल पुत्र छेदा निवासी ग्राम अरगूपुर थाना बेहटा मुजावर जिला उन्नाव ने तहरीरी सूचना दी कि दिनांक 07.10.2024 की रात करीब 09.00 बजे मेरे पुत्र नौमीलाल उम्र 40 वर्ष को शिवदयाल पुत्र छेदा, सुरेश, मुनेश पुत्रगण शिवदयाल ने मारा पीटा था। जिसमें मेरे पुत्र ने मुकदमा पंजीकृत कराया था। दिनांक 09.10.2024 की रात करीब 10.30 बजे पुत्र नौमीलाल अपने घर से बाहर बंगले में सोने जा रहा था। तभी रास्ते में लिखाये गये मुकदमें में सुलह कराने के लिये नरेश, सुरेश, मुनेश पुत्र गण शिवदयाल, सुशीला पत्नी शिवदयाल, शिवदयाल पुत्र छेदा मिलकर दबाव बनाने लगे। जब नौमीलाल ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी जिससे क्षुब्ध होकर पुत्र नौमीलाल ने बंगले में जाकर गमछे से गले में फंदा डालकर अपनी जान दे दी। सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 275/2024 धारा 108,3(5) बीएनएस में 1.नरेश पुत्र शिवदयाल, 2. सुरेश पुत्र शिवदयाल, 3. मुनेश पुत्र शिवदयाल, 4. सुशीला पत्नी शिवदयाल, 5. शिवदयाल पुत्र छेदा निवासी गण ग्राम अरगूपुर थाना बेहटा मुजावर जिला उन्नाव के विरुद्ध पंजीकृत होकर विवेचना व0उ0नि0 मोरमुकुट पाण्डेय द्वारा सम्पादित की जा रही है। अभियोग की विवेचना व साक्ष्य संकलन के क्रम में अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण मुनेश एवं सुरेश उपरोक्त को दिनांक 12.10.2024 को गिरफ्तार किया गया। आज दिनांक 14.10.2024 को 1. शिवदयाल पुत्र स्व0 छेदा उम्र करीब 65 वर्ष निवासी ग्राम अरगूपुर थाना बेहटा मुजावर जिला उन्नाव, 2. सुशीला पत्नी शिवदयाल उम्र करीब 62 वर्ष निवासी ग्राम अरगूपुर थाना बेहटा मुजावर जिला उन्नाव को ग्राम अरगूपुर के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. शिवदयाल पुत्र स्व0 छेदा उम्र करीब 65 वर्ष निवासी ग्राम अरगूपुर थाना बेहटा मुजावर जिला उन्नाव,
2. सुशीला पत्नी शिवदयाल उम्र करीब 62 वर्ष निवासी ग्राम अरगूपुर थाना बेहटा मुजावर जिला उन्नाव

गिरफ्तारी करने वाली टीम

1. व0उ0नि0 मोरमुकुट पाण्डेय
2. हे0का0 भरत सिंह,
3. म0का0 रेनू